सॉफ्टवेयर में हेरफेर कर 2 करोड़ के जीपीएस उपकरण चुराने वाले दो कर्मचारी गिरफ्तार

आरोपियों की निशानदेही पर 162 जीपीएस उपकरण, 103 एंटेना और 3.50 लाख रुपए बरामद

जयपुर । कंपनी के सॉफ्टवेयर में हेरफेर कर फर्जी ऑनलाइन ऑर्डर जनरेट किए और करीब दो करोड रुपए कीमत के जीपीएस उपकरण चोरी कर बाजार में बेच दिए। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए कंपनी के ही दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर 162 जीपीएस उपकरण, 103 एंटेना और 3.50 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। चोरी की रकम से खरीदा गया लैपटॉप, प्रिंटर, सिलाई मशीनें और ऑफिस की कुर्सियां भी जब्त की गई हैं।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सीतापुरा रीको क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माता कंपनी रेवेन्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सार्थक जैन ने 29 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंपनी के सॉफ्टवेयर में हेरफेर कर पुराने ग्राहकों की आईडी से फर्जी



ऑनलाइन ऑर्डर जनरेट किए गए और बैंकिंग क्षेत्र में धन के लेन-देन के लिए इस्तेमाल होने वाले करीब दो करोड रुपए के जीपीएस उपकरण चोरी कर लिए गए। इन उपकरणों के दुरुपयोग की आशंका भी जताई गई थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने कंपनी के दो कर्मचारियों अजरुद्दीन

- **चोरी की रकम से खरीदा गया लैपटॉप, प्रिंटर, सिलाई मशीनें और ऑफिस की कुर्सियां भी जब्त**

उर्फ अजहर (22), निवासी हुमायुपुर, नजीबाबाद, बिजनौर (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी कच्ची बस्ती ईदगाह, गलतागेट और मोहम्मद जैद (23), निवासी गुलजार कॉलोनी, ईदगाह गलतागेट को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों कंपनी में ग्राहक सहायता अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनके पास कंपनी के सॉफ्टवेयर का एक्सेस था। इसी का दुरुपयोग कर वे पुराने ग्राहकों की आईडी से ऑनलाइन ऑर्डर बुक करते और सॉफ्टवेयर में बदलाव कर सामान का डिलीवरी पता बदल देते थे। इसके बाद जीपीएस उपकरण हासिल कर उन्हें कम कीमत पर बाजार में बेच देते थे।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 162 जीपीएस 8.0 उपकरण और इनके साथ इस्तेमाल होने वाले 103 एंटेना बरामद किए हैं। इसके अलावा 3.50 लाख रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार चोरी के उपकरण बेचकर मिली रकम से खरीदा गया एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, सिलाई मशीनें और ऑफिस की कुर्सियां भी बरामद की गई हैं।

पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि चोरी के उपकरण किन-किन लोगों को बेचे गए और इस नेटवर्क में अन्य कौन लोग शामिल हैं। मामले में आगे अनुसंधान जारी है।

गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी पंचतत्व में विलीन

पुत्र मानस गोस्वामी ने दी मुखाग्नि, हरिनाम संकीर्तन के साथ निकली बैकुंठी यात्रा

जयपुर । नाहरगढ़ की पहाड़ियों की तलहटी, मनसा माता और श्री कुंज बिहारी जी मंदिर के समीप अस्त होते सूर्य के साथ रविवार शाम ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज पंचतत्व में विलीन हो गए। बताया जा रहा है कि, महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज रविवार सुबह नियमित रूप से ठाकुर श्री गोविंद देवजी मंदिर में श्रृंगार झांकी के दर्शन करने पहुंचे थे। करीब एक घंटे मंदिर में रहने के बाद वे हवेली लौट गए। वहां वे कुर्सी पर बैठे थे और पास में उनके पुत्र मानस गोस्वामी भी मौजूद थे। इसी दौरान वे अचानक बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल दुर्लभजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया, वे 78 वर्ष के थे। उनके परिवार में धर्मपत्नी इन्द्राणी देवी गोस्वामी, पुत्र मानस गोस्वामी, पुत्री, पोती और नाती हैं।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अहोई अष्टमी के दिन उनके देवलोकगमन से गोविंद देवजी के भक्तों, वैष्णव समाज और संत-महंतों में शोक छा गया। आमेर रोड स्थित कनक घाटी के ठिकाना मंदिर श्री राधा गोविंद देवजी के मोक्षधाम समाधबाड़ी में उनके पुत्र मानस गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। उनका अंतिम संस्कार पिता श्रील प्रद्युम्न



श्री राधा-गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी की अंतिम यात्रा में रविवार को सैकड़ों लोग शामिल हुए।

कुमार गोस्वामीजी की छतरी के पास किया गया। अंजन कुमार गोस्वामी महाराज की अंतिम यात्रा (बैकुंठी यात्रा) हवामहल के सामने स्थित उनकी पैतृक हवेली से रवाना हुई। गोविंद परिकर हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। मार्ग में भक्तों ने नम आंखों से अपने आराध्य के सेवक को अंतिम विदाई दी। हवामहल बाजार के व्यापारियों ने प्रतिष्ठान से बाहर आकर पार्थिव देह को नमन किया। अंतिम संस्कार में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित विभिन्न मंदिरों के महंत, संत, आचार्य और श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने पार्थिव देह पर चादर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान लगातार हरिनाम संकीर्तन होता रहा। अंतिम संस्कार में महंत सुदर्शनाचार्य, पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, अमरापुरा के मोनू महाराज, प्रवीण बड़े भैया, महंत त्रिविक्रमाचार्य, खोले के हनुमानजी मंदिर के गिरधारी लाल शर्मा, महामंत्री बी.एम.शर्मा, महंत जय महाराज, महंत संजय गोस्वामी और गढ़ गणेश मंदिर के पार्थ मेहता सहित अनेक संत-महंत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गोविंद परिकर और वैष्णव समाज ने उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खाद्य सुरक्षा दल ने सीज किया 735 लीटर मूंगफली तेल

कसौटी ब्रांड के तेल में मिलावट का अंदेशा, खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए नमूने

जयपुर (कासं)। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वाटिका स्थित लालानी इंटरप्राइजेज पर कार्रवाई की। टीम ने यहां से 735 लीटर कसौटी ब्रांड रिफाइंड मूंगफली तेल सीज किया। तेल में मिलावट की आशंका के चलते नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भेजे गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत त्योहारी सीजन में आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कसौटी ब्रांड रिफाइंड मूंगफली तेल में मिलावट का अंदेशा होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही मौके पर उपलब्ध 735 लीटर तेल सीज कर दिया गया। डॉ. मित्तल ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'हाईटेंशन लाइन हटने के बाद भूखंडधारियों को मिलेंगे पट्टे'

जयपुर । हाईटेंशन विद्युत लाइन के कारण वर्षों से पट्टे का इंतजार कर रहे भूखंडधारियों के लिए राहत की खबर है। जिन स्वीकृत कॉलोनियों से हाईटेंशन लाइन हटाई जा चुकी है, वहां प्रभावित भूखंडों के अनुमोदन और पट्टे जारी करने की प्रक्रिया अब आसान होगी। जेडीए ने ऐसे मामलों का निस्तारण सीधे जोन स्तर पर करने का निर्णय किया है। इससे भूखंडधारियों को मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और लंबित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण हो सकेगा।

जेडीए ने 31 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया है। यह निर्णय 18 अगस्त को आयोजित भवन मानचित्र समिति की 437वीं बैठक में लिया गया था। इसके तहत जिन पूर्व अनुमोदित योजनाओं में हाईटेंशन लाइन के कॉरिडोर के कारण कुछ भूखंडों को अनुमोदन से बाहर रखा गया था, लेकिन अब मौके से लाइन हटाई या शिफ्ट की जा चुकी है, ऐसे भूखंडों को योजना में शामिल करने की प्रक्रिया जोन स्तर पर पूरी की जा सकेगी। आदेश के अनुसार संबंधित मामलों में पहले यह जांच की जाएगी कि हाईटेंशन लाइन हटने के बाद योजना का विक्रय योग्य क्षेत्रफल निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं। नियमों के अनुसार पात्र पाए जाने पर मूल मानचित्र में जोन स्तर पर संशोधन किया जा सकेगा। इसके बाद प्रभावित भूखंडों के अनुमोदन के साथ लीजडीड या संशोधित लीजडीड जारी की जा सकेगी। यह व्यवस्था उन मामलों में लागू होगी, जिनमें हाईटेंशन लाइन के साथ सड़क प्रस्तावित नहीं है। इस फैसले से भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना आदिनाथ नगर के भूखंडधारियों को भी राहत मिलेगी। यहां हाईटेंशन लाइन गुजरने के कारण कई भूखंडों के पट्टे लंबे समय से अटके हुए थे। अब मौके से लाइन हटाए जाने के बाद उनके अनुमोदन और पट्टे जारी करने का रास्ता साफ हुआ है। स्थानीय निवासी प्रमेश्वरी कसवा सहित अन्य लोगों ने इस निर्णय से राहत मिलने की उम्मीद जताई है। चंबल पावर हाउस, सोडाला, रामनगर विस्तार और गोविंदपुरी सहित एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में करीब साढ़े पांच किलोमीटर लंबी हाईटेंशन लाइन को भूमिगत करने का काम किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार के निर्देश पर जेडीए ने विद्युत निगम को 33 करोड़ रुपये जारी किए थे। वहीं अजमेर रोड क्षेत्र में गजसिंहपुरा और गोपालपुरा बाइपास से नारायण विहार तक करीब 1,300 मीटर लंबे हाईटेंशन लाइन सेफ्टी कॉरिडोर के दायरे में आने वाले लगभग 1,000 घरों और दुकानों को जेडीए ने धारा 72 के तहत नोटिस जारी किए थे। अब लाइन हटने या शिफ्ट होने के बाद प्रभावित भूखंडों के लंबित मामलों के निस्तारण की उम्मीद बढ़ी है। जेडीए के इस फैसले से उन भूखंडधारियों को राहत मिलेगी, जिनकी जमीन पर पहले हाईटेंशन लाइन होने के कारण पट्टा जारी नहीं हो पा रहा था, जबकि अब मौके पर लाइन मौजूद नहीं है।

दीपक म्हस्के आज आएंगे जयपुर

जयपुर । भाजपा सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के 2 और 3 नवंबर को दो दिवसीय प्रवास पर जयपुर आएंगे। भाजपा राजस्थान सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक ने बताया कि प्रवास के दौरान म्हस्के प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के सोशल मीडिया पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे। बैठक में विभाग की संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्ययोजना, डिजिटल मंचों के प्रभावी उपयोग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा होगी। कौशिक ने बताया कि सोमवार शाम

सार-समाचार

निजी सहायक संवर्ग महासंघ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा



जयपुर । राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें मुश्ताक अहमद खान, सुधीर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, पवन कुमार सारस्वत, संदीप कंसल और नवीन पारीक को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मांगीलाल मेनारिया, मनोज सक्सेना, ऋषिराज सिंह पंवार, हेमंत कुमार शर्मा, शीतल जाजम, अनिल कुमार खण्डेलवाल, योगेश कुमार शर्मा, मिश्रीलाल मीणा और धनराज साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमित कुमार सुन्दरिया को प्रदेश महामंत्री, सुरेश मीणा को संयुक्त महामंत्री, रवि कुमार शर्मा और अजय कुमार बेनीवाल को प्रदेश प्रवक्ता तथा अंकित पारीक को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा प्रदेश संगठन मंत्री और कार्यकारिणी सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है।

विमला जगरवाल ने दो स्वर्ण पदक जीते



जयपुर । बेंगलुरु में 27 अक्टूबर से आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा खेल-2026 में जयपुर नगर निगम में कार्यरत अग्निशमनकर्मी विमला जगरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक हासिल किए। उन्होंने 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 52 मंजिल की सीढ़ियां चढ़ने की प्रतियोगिता में सामान्य पोशाक और पूर्ण अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों के साथ भाग लेकर यह उपलब्धि प्राप्त की। विमला ने दोनों श्रेणियों में अपनी क्षमता, साहस और शारीरिक दक्षता का परिचय देते हुए जयपुर नगर निगम और राजस्थान का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।

द पैलेस स्कूल की "सिल्वर जुबली"

जयपुर । द पैलेस स्कूल की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह 'गुलाबी रजत' में जयपुर की विरासत, कला, संस्कृति और भविष्य की झलक प्रस्तुत की गई। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने किया। इस अवसर पर महाराज नरेन्द्र सिंह, स्कूल प्रिंसिपल उर्वशी वॉरमैन और सिटी पैलेस म्यूजियम की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त सहित गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने कहा कि जयपुर के 300 वर्ष और पैलेस स्कूल के 25 वर्ष पूरे होना विशेष अवसर है। वह और उनके दोनों भाई भी इसी स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने बच्चों की मेहनत और उत्साह की सराहना की। वर्ष 2001 में प्रिंसेस दिया कुमारी द्वारा स्थापित स्कूल के समारोह में विद्यार्थियों ने जयपुर के इतिहास, ऐतिहासिक स्थलों, पारंपरिक शिल्प और सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। 'सवाई दरबार' में जयपुर के पांच शासकों का योगदान, 'जयपुर के झरोखे' में कम चर्चित ऐतिहासिक तथ्य और 'रजत पथ' में स्कूल की 25 वर्षों की यात्रा प्रदर्शित की गई। 'पोथीखाना' में विद्यार्थियों ने लोककथाएं और ऐतिहासिक कहानियां सुनाईं, जबकि 'थ्रू द परकोटा' में गुमनाम कारीगरों के योगदान को दर्शाया गया।

डीएससी और डी.लिट. के आवेदन 12 से

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के लिए डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएससी) एवं डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी.लिट.) शोध उपाधियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया 12 नवंबर से शुरू होगी। विश्वविद्यालय के अनुसार आवेदन शुल्क बैंक चालान से जमा कराने की अंतिम तिथि 19 नवंबर और आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन की हार्ड कॉपी जमा कराने की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। शैक्षिणक योग्यता, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और शुल्क संबंधी नियम विश्वविद्यालय के नोटिफिकेशन संख्या 20 के अनुसार होंगे। आवेदन प्रारूप और विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय में आवेदन और दस्तावेज जमा कराने की अपील की है।

फुलेरा में खाद्य पदार्थों के 8 नमूने लिए

जयपुर । शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने फुलेरा में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के 8 नमूने लिए। इनमें मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, मावा मिठाई, मिल्क केक, घी, मिश्री मावा और मावा बर्फी शामिल हैं।

राजीविका दिवाली मेले में सवाईमाधोपुर की ब्लैक पॉटरी बनी आकर्षण का केंद्र

जयपुर (कासं)। दिवाली नजदीक आने के साथ राजीविका दिवाली मेला-2026 में खरीदारी का उत्साह बढ़ता जा रहा है। इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान (आईजीपीआरएस) परिसर में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से आयोजित मेले के पांचवें दिन रविवार को भारी भीड़ उमड़ी। 100 से अधिक स्टॉलों पर ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के हस्तशिल्प, हथकरघा, गृह सज्जा, पारंपरिक खाद्य सामग्री और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

मेले में जयपुर की ब्लू पॉटरी के साथ सवाई माधोपुर की ब्लैक पॉटरी विशेष आकर्षण बनी हुई है। अपनी विशिष्ट बनावट और पारंपरिक कारीगरी के लिए पहचान रखने वाली ब्लैक पॉटरी के उत्पादों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। कारीगर पारंपरिक कला को आधुनिक डिजाइन और उपयोगिता के अनुरूप नए रूप दे रहे हैं।

दीये और अगरबत्ती बनाने के लाइव प्रदर्शन में आगंतुक खास रुचि ले रहे हैं। लोग चाक पर मिट्टी के दीये बनाने और मशीन से अगरबत्ती तैयार करने की प्रक्रिया सीख रहे हैं। स्टैच्यू मेकिंग और ऊन से उत्पाद बनाने की गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र हैं। दिवाली के लिए दीये, मोमबत्तियां, रंगोली, तोरण और सजावटी सामग्री की खूब बिक्री हो रही है। जूट एवं ऊन के बैग, हस्तनिर्मित जूतियां, मोजड़ी, कपड़े



के खिलौने, की-चेन, कोटा डोरिया की साड़ियां, ब्लू पॉटरी, कशीदाकारी, डोरमैट और कालीन की भी मांग है। कैंडी और पान माउथ फ्रेशनर जैसे उत्पाद भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मेले में दाल-बाटी-चूरमा, केर-सांगरी सहित पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों के लिए भी भीड़ जुट रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों के अचार, पापड़, गट्टा मसाला और अन्य स्थानीय खाद्य उत्पादों की भी बिक्री हो रही है। राजीविका का यह मेला ग्रामीण महिला उद्यिमयों को अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने, नए खरीदारों से जुड़ने और बाजार की मांग समझने का अवसर दे रहा है। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और महिला उद्यिमता को बढ़ावा मिल रहा है।

मेले का आयोजन 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। आमजन के लिए प्रवेश नि:शुल्क है। मेले में 100 से अधिक स्टॉलों पर ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री जारी है।

कांग्रेस की रैली, जनता द्वारा नकारे गए लोगों का राजनीतिक ड्रामा : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली को जनता द्वारा बार-बार नकारे गए लोगों का राजनीतिक ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा का दावा करने से पहले कांग्रेस को अपने इतिहास का जवाब देना चाहिए। सत्ता के लिए नागरिक स्वतंत्रता, न्यायपालिका की स्वायत्तता और संघीय व्यवस्था से जुड़े सवाल कांग्रेस के शासनकाल में भी उठे हैं।

राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध करने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाना उचित नहीं है। त्योहारों के समय दिल्ली के व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को शांति एवं सुरक्षित माहौल की आवश्यकता है। कांग्रेस को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर देश की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर का दिन 1984 के सिख नरसंहार की दर्दनाक यादों से जुड़ा है। उस दौरान हजारों सिख परिवार उजड़ गए। किसी ने

- **1984 के सिख नरसंहार पर प्रायश्चित करने के बजाय राजनीतिक प्रदर्शन कर रही कांग्रेस : राठौड़**

बेटा खोया, किसी ने अपना सिंदूर, किसी के सिर से पिता का साया उठा तो कोई बेटी मां की ममता से वंचित हो गई। देश उन जख्मों को आज भी नहीं भूला है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 'जब बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती कांपती है' वाले बयान पर भी आज तक सवाल उठते हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना, जवाबदेही और प्रायश्चित का परिचय देना चाहिए। राहुल गांधी को लोकतंत्र की दुहाई देने से पहले कांग्रेस के अतीत और 1984 के सिख नरसंहार के प्रति अपनी पार्टी की जिम्मेदारी पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां सरकारों का भविष्य जनता तय करती है। राजनीतिक प्रदर्शनों के जरिए जनादेश को कमजोर नहीं किया जा सकता।

दीपोत्सव से पहले परकोटे में रातभर चला सफाई अभियान

करीब 2 हजार सफाई कर्मचारियों और 1000 संसाधनों की मदद से बाजारों-सड़कों और गलियों से कचरा हटाया



नगर निगम जयपुर ने शनिवार रात 12 बजे से सुबह तक परकोटा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और अंदरूनी गलियों में साफ-सफाई का अभियान चलाया। इस दौरान महापौर सुनील कोठारी और आयुक्त ओम कसेरा ने भी झाड़ू थामी।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । दीपोत्सव से पहले राजधानी जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने शनिवार रात परकोटे में विशेष सफाई अभियान चलाया। ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0 के तहत रात 12 बजे से सुबह तक शहर के प्रमुख बाजारों और अंदरूनी गलियों में सफाई की गई। अभियान में महापौर सुनील कोठारी और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने भी अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ मोर्चा संभाला। करीब 2 हजार अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और 1 हजार संसाधनों की मदद से बाजारों, सड़कों और गलियों से कचरा हटाया गया।

दीपावली के दौरान बाजारों और घरों में साफ-सफाई के कारण कचरे की मात्रा बढ़ जाती है। इसे देखते हुए नगर निगम ने त्योहार से पहले विशेष अभियान चलाने का निर्णय किया। रात में सफाई अभियान चलाने की वजह दिन के समय बाजारों में यातायात और लोगों की अधिक आवाजाही होना है। निगम का प्रयास है कि बड़े स्तर पर सफाई के दौरान व्यापारियों और आमजन को परेशानी न हो।

महापौर सुनील कोठारी ने कहा कि दीपोत्सव पर जिस तरह लोग अपने घरों की विशेष सफाई करते हैं, उसी तरह नगर निगम शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाने में जुटा है। इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारी और संसाधन लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परकोटा क्षेत्र को साफ और सुंदर बनाने के लिए करीब 2 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। शहर की सफाई व्यवस्था और आवारा पशुओं की समस्या पर महापौर ने कहा कि ये दोनों गंभीर मुद्दे हैं। इनके समाधान के लिए नगर निगम को अपनी कमियों को दूर करने के साथ आमजन का सहयोग भी बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए वार्ड स्तर पर युवाओं को जोड़कर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इंदौर की तरह जयपुर के नागरिकों में भी अपने शहर के प्रति जिम्मेदारी और स्वच्छता का भाव विकसित करने की जरूरत है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि कुछ महीने पहले ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान शुरू किया गया था। इसके तहत रात के समय शहर के प्रमुख हिस्सों में विशेष सफाई कराई गई थी। इसी कड़ी में अब इसका दूसरा चरण ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0 आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार अतिरिक्त कर्मचारियों और संसाधनों के साथ परकोटे में रातभर सफाई कराई गई। दिन में बाजारों में यातायात और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाने से आमजन और व्यापारियों को परेशानी हो सकती है। रात में अभियान चलाने से लोगों की आवाजाही प्रभावित किए बिना सफाई करना संभव हुआ। आयुक्त कसेरा ने बताया कि आमजन की भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद नगर निगम ने रंग दे गुलाबी 2.0 अभियान आयोजित किया था।